चिकित्सा उपकरणों को तैयार करने में जापानी कंपनी साझा करेगी तकनीक

जापानी प्रतिनिधिमंडल ने मेडिकल डिवाइस पार्क का किया दौरा

माई सिटी रिपोर्टर

ग्रेटर नोएडा। मेडिकल डिवाइस को विकसित करने में अग्रणी जापानी कंपनियां अब भारतीय उत्पादों को भी अत्याधुनिक बनाने में मददगार होंगी। इसके लिए जापानी प्रतिनिधिमंडल ने बृहस्पतिवार को यमुना प्राधिकरण (यीडा) के सेक्टर-28 में विकसित हो रहे मेडिकल डिवाइस पार्क में स्थापित होने वाली कंपनियों को तकनीक भी प्रदान करेंगे। यहां कंपनियों से तकनीक साझा करने के लिए चिकित्सा उपकरण एवं प्रौद्योगिकी पार्क विकसित करने की तैयारी है। उम्मीद जताई जा रही है कि इंवेस्ट यूपी की मदद से जापानी कंपनी के साथ स्वास्थ्य सेवा व चिकित्सा पर्यटन को बढ़ावा देने की विशेषज्ञता का एमओयू मार्च तक हो जाएगा।

जापान से सेंशो गुमी के एमडी यासुहिरो सेंशो के नेतृत्व में मेडिकल एक्सीलेंस जापान के सीईओ केंजी शिभुया, आसियान और पूर्वी एशिया के लिए आर्थिक अनुसंधान संस्थान (ईआरआईए) के सीईओ साने के नेतृत्व में बृहस्पतिवार को जापानी प्रतिनिधिमंडल यमुना प्राधिकरण पहुंचा। यहां से अधिकारियों के साथ प्रतिनिधिमंडल ने मेडिकल डिवाइस पार्क का दौरा किया।

एयरपोर्ट और फिल्म सिटी का भी दिया प्रस्तुतीकरण : जापानी प्रतिनिधिमंडल को रिझाने के लिए प्राधिकरण के अधिकारियों ने नोएडा एयरपोर्ट और फिल्म सिटी परियोजना की विस्तृत जानकारी साझा की। प्रस्तुतीकरण मे में उन्होंने क्षेत्र के बुनियादी ढांचे व विकास क्षमता के बारे में बताया।

> “ जापानी प्रतिनिधिमंडल ने फार्मास्युटिकल अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के साथ-साथ एक चिकित्सा उपकरण और प्रौद्योगिकी पार्क विकसित करने के लिए समझौते पर हस्ताक्षर करने में रुचि दिखाई। - शैलेंद्र भाटिया, ओएसडी यमुना प्राधिकरण